गौरा तो जाएगी भोले शंकर के साथ लिरिक्स

पिता हिमाचल राजा सुननो,
जिद छोड़ दो मान लो बात,
गौरा तो जाएगी,
भोले शंकर के साथ।bd।

भूत प्रेत सारे आए बारात में,
शुक्र शनिचर भी आए है साथ में,
नगर निवासी थर थर कांपे,
कहे कैसी है बारात,
गौरा तो जायेगी,
भोले शंकर के साथ।bd।

सखियों ने देखा दूल्हा,
गौरा को जाके बताया,
गौरा तेरी किस्मत फूटी,
कैसा वर तूने पाया,
गजब बाराती शेर और हाथी,
नंदी पर बैठे नाथ,
गौरा तो जायेगी,
भोले शंकर के साथ।bd।

तन पर है भस्म रमाए,
नंदी की सवारी है,
गौरा को ब्याहने आए,
भोले भंडारी है,
राजा हिमाचल माँ मैना देखे,
कहे अच्छे नहीं हालात,
गौरा ना भेजेंगे,
बूढ़े शंकर के साथ,
गौरा तो जायेगी,
भोले शंकर के साथ।bd।

बोली गौरा शंकर से,
मेरी हो गई बदनामी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

अब अपने असली रूप में,
आ जाओ मेरे स्वामी,
रूप देख के शिव शंकर का,
नारद महिमा गाए शिव की,
कहे नाथों के है नाथ,
गौरा तो जायेगी,
भोले शंकर के साथ।bd।

पिता हिमाचल राजा सुननो,
जिद छोड़ दो मान लो बात,
गौरा तो जाएगी,
भोले शंकर के साथ।bd।

Singer – Rajesh Lohia

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com